# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

**1910 मंगलवार** **16.07.2024**

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सत्ताईस जुलाई से दस अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।
2– राज्य नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस तैयार करने आज रायपुर में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
3– छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।
4– सुकमा जिले में दो महिला सहित चार इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

<u>जनसमस्या निवारण पखवाड़ा</u>

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सत्ताईस जुलाई से दस अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर स्थानीय समस्याओं का निदान किया जाएगा।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने राज्य के सभी एक सौ चौरासी नगरीय निकायों में स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए वार्डवार शिविर आयोजित कर उनका मौके पर ही निराकरण के निर्देश विभाग को दिए हैं। उन्होंने इन शिविरो में नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के महापौरों, अध्यक्षों, पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों से भी उपस्थित रहने की अपील की है।

<u>मुख्यमंत्री–उद्योग स्थापना</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए हरसंभव सहयोग करेगी। यह बात मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा नई औद्योगिक नीति के लिए दिए गए सुझावों पर चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि नये उद्योगों की स्थापना हो और छत्तीसगढ़ में वैल्यू एडिशन का काम हो। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। इस मौके पर भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों ने प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम और मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सृजन के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों की सराहना की।

<u>छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट</u>

राज्य नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस तैयार करने आज रायपुर में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को देश में कृषि और प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाऊस बनाने किसानों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों और कृषि के क्षेत्र में बुनियादी ढ़ाचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर अपने सुझाव दिए। बैठक में कृषि से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां और सामर्थ्य विषय पर विचार–विमर्श किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में 'युवा, किसान, महिला और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। इस मौके पर वित्त मंत्री में कहा कि देश और राज्य को ऊंचाई तक पहुंचाने में समाज के सभी वर्गों के विचार प्रभावी योगदान दे सकते हैं।

इस कार्यक्रम का समापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट एक नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के दिन पेश किया जाएगा।

क्रीडा प्रोत्साहन योजना

छत्तीसगढ़ सरकार, केन्द्र सरकार की खेलो इंडिया योजना की तर्ज पर छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना शुरू करेगी। यह जानकारी राज्य के खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने दी है। उन्होंने कहा है कि पिछली सरकार कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक योजना को आगे जारी नहीं रखा जाएगा।

गौ–तस्करी–सजा

छत्तीसगढ़ में गौ–वंश की तस्करी या उसके मांस की बिक्री को रोकने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार गौ–वंश की तस्करी करते पकड़े जाने पर सात वर्ष की जेल या पचास हजार रूपये का जुर्माना या दोनों लगाए जाएंगे। आदेश के अनुसार जिस वाहन से गौ–तस्करी की जा रही होगी, उसे भी जब्त कर लिया जाएगा।

केन्द्र–गवाहों की जांच

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि पुलिस स्टेशनों और पुलिस विभाग के नियंत्रण वाले स्थानों को गवाहों से पूछताछ के लिए निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–दो हजार तेईस के अंतर्गत सभी पुलिस स्टेशनों को ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से गवाहों से पूछताछ के लिए एक निर्दिष्ट स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है।

छत्तीसगढ़–पुरस्कार

छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण–सूडा और प्रदेश के चार नगरीय निकायों – बिलासपुर, रायगढ़, चांपा और भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क' पुरस्कारों के लिए किया गया है। राज्य में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अट्ठारह जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सूडा और चारों नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ये पुरस्कार प्रदान करेंगे।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम को बधाई दी है।

बैगा आदिवासी मौत–रिपोर्ट

कबीरधाम जिले के सोनवाही गांव में बैगा आदिवासियों की मृत्यु के संबंध में जांच के लिए कलेक्टर द्वारा बनाई गई तीन सदस्यीय टीम ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इसके अनुसार बैगा आदिवासियों की मौत डायरिया से नहीं, बल्कि जंगली मशरूम खाने से हुई है। जिला प्रशासन के अनुसार सोनवाही गांव में अब हालात सामान्य है और गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच और उपचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री–बीजापुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीजापुर जिले के एकदिवसीय प्रवास के दौरान कल स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी आवासीय स्कूल, पोटाकेबिन, छात्रावास, आश्रम, एकलव्य विद्यालय सहित नवोदय और सभी आवासीय संस्थाओं में मलेरिया जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में मलेरिया, डायरिया और जल जनित बीमारियों के संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न उपाय किए जाए। श्री जायसवाल ने कहा कि मलेरिया जांच और रिपोर्ट में तत्परता लाने के लिए बस्तर संभाग के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में माइक्रोस्कोप की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें मलेरिया की स्लाईड की जांच की जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने बीजापुर के पोटाकेबिन पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपने प्रवास के दौरान श्री जायसवाल ने बीजापुर जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया।

इस बीच, वन मंत्री केदार कश्यप ने कल सुकमा में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में मौसमी और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मलेरिया उन्मूलन के लिए मच्छरदानी वितरण और डीडीटी छिड़काव सुनिश्चित करें।

माओवादी–आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में दो महिला सहित चार इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर आठ लाख रूपये, दो पर पांच–पांच लाख और एक माओवादी पर दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने राज्य सरकार की ''पुनर्वास नीति'' और ''नियद नेल्लानार'' योजना से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ये सभी माओवादी संगठन में लंबे समय से सक्रिय थे और इन पर कई घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की ओर से पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस पर कल रायपुर में राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और अकादमिक सदस्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति व्यापक समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर
शिक्षाविद् डॉक्टर हेमलता एस. मोहन ने कहा कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को ज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है।

संपूर्णता अभियान

संपूर्णता अभियान के तहत कोंडागांव जिले के आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए निबंध, नारा लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर संपूर्णता अभियान उत्सव को सफल बनाने का संदेश दिया और इस अभियान में लोगों से भी अपनी सहभागिता निभाने की अपील की।

दुर्घटना

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, बीस अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को बरमकेला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा बरमकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांटीपाली के जंगल में हुआ। पिकअप वाहन में इक्कीस लोग सवार थे, जो सारंगढ़ से मजदूरी करने बरमकेला जा रहे थे।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के हरदीविशाल गांव में एक चारपहिया वाहन पेड़ से टकराने के बाद दुकान में जा घुसा। इस दौरान सड़क पर जा रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति और चालक घायल हो गया है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर बलौदा–हरदीबाजार कोरबा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है। तनाव को देखते हुए मौके पर एएसपी, एसडीओपी, तहसीलदार और कई थाने के थाना प्रभारी मौके पर मौजूद हैं।

वहीं, रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में एक पिकअप और दोपहिया वाहन की भिड़ंत में एक युवक घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

कोरबा–वन महोत्सव

कोरबा जिले के भालूसटका गांव में कोरबा वनमंडल द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं और कर्मचारियों ने एक साथ, एक समय पर और एक ही स्थान पर दो हजार दो सौ तिहत्तर पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी नागरिक एक पेड़ अवश्य लगाएं।

वहीं, बेमेतरा में महिला और बाल विकास विभाग द्वारा 'एक पेड मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। साथ ही "जल शक्ति से नारी शक्ति" अभियान के तहत स्थानीय महिलाओं को स्वच्छ पेयजल की महत्ता, पानी का संचयन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी दी गई।

संक्षिप्त समाचार

– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और आर. महादेवन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।

– श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन कल कोरबा में शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना का शुभारंभ करेंगे।

– श्री रामलला दर्शन योजना के तहत बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के एक सौ चौंसठ श्रद्धालु कल सत्रह जुलाई को अयोध्या के लिए रवाना होंगे।

– भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा आज विश्व सर्प दिवस के अवसर पर आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पिक्टोरियम पोस्टकार्ड और कैन्सलेसन कैचेट का विमोचन किया गया।

– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य–अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र मंडल की वेबसाइट और संबंधित संस्था के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>